# पाठ - 16

# खेल खेल में

## खेल खेल में

**Q1. पाठ में जिन-जिन खेलों के नाम आए हैं उनके नाम तालिका में लिखो। इनमें से जो खेल घर के अंदर खेले जाते हैं उनके सामने बनाओ। घर के बाहर खेले जाने वाले खेल के सामने बनाओ। खेल के सामने खिलाड़ियों की संख्या लिखना मत भूलना। खेल के खेलने में अगर कुछ चीजों की जरूरत होती है तो उनके नाम भी लिखो।**

**उत्तर :**

| पाठ में आए खेलों के नाम | [अंदर] / [बाहर] | कितने खिलाड़ी | किन चीजों की जरूरत |
|---|---|---|---|
| स्टापू | [बाहर] | 4-5 या ज्यादा | ठिप्पी |
| लंगड़ी टाँग | [बाहर] | 5 से 7 | कुछ नहीं |
| छुपनछुपाई | [अंदर] | 5 से 7 | छुपने की जगह |
| गिट्टा | [बाहर] | 5 से 7 | प्लेटों के टुकड़े |
| कबड्डी | [बाहर] | हर टीम में 8; इनसे कम खिलाड़ियों से भी खेल सकते हैं। | छोटा सा मैदान |
| कंचे | [बाहर] | 5 से 7 | कंचे |
| कुश्ती | [अंदर] | दो | अखाड़ा |
| गिल्ली डंडा | [बाहर] | कम से कम 2 | गिल्ली और डंडा |
| पतंगबाजी | [बाहर] | अकेले भी खेल सकते हैं | पतंग, धागा और चरखी |
| शतरंज | [अंदर] | 2 | शतरंज का बोर्ड और मोहरे |

**Q2. क्या तुम स्टापू से मिलता-जुलता कोई और खेल खेलते हो? उस खेल का क्या नाम है? खेल को खेलने के लिए जमीन पर जो आकृति बनाते हो उसे यहाँ वनाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q3. तुम परिवार में किस के साथ क्या खेल खेलते हो?**

**उत्तर :**

| परिवार का सदस्य | खेल का नाम |
|---|---|
| पिता | शतरंज |
| बहन | शतरंज और लूडो |
| माँ | शतरंज और व्यापार |
| भाई | बैडमिंटन |

**Q4. क्या तुम अपने इलाके के किसी मशहूर खिलाड़ी का नाम जानते हो? यदि हाँ, तो उसका नाम और वह किस खेल से जुड़ा है, लिखो।**

**उत्तर :** सुशील कुमार कुश्ती।

**Q5. तुम गेंद से खेले जाने वाले कितने खेल जानते हो? दी गई गेंद में उनकी सूची बनाओ।**

**उत्तर :** क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी,टेनिस, बास्केटबॉल

**Q6. क्या तुमने सानिया मिर्जा का नाम सुना है? वे भी गेंद से ही एक खेल खेलती हैं। पता करो और लिखो कौन-सा।**

**उत्तर :** हाँ, मैंने सानिया मिर्जा का नाम सुना है। वह टेनिस खेलती है।

**Q7. तुम्हें कौन-सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है?**

**उत्तर :** क्रिकेट।

**Q8. अपने घर या आस-पास के किसी बड़े व्यक्ति से पता करो-जब वे छोटे बच्चे थे तब वे क्या खेल खेलते थे?**

**उत्तर :**

1.गिल्ली-डंडा,
2. लूडो,
3. फुटबॉल,
4. तुपनछुपाई,
5. क्रिकेट,
6. लट्टू

**Q9. पहेली को चित्र से जोड़ो और खेल का नाम लिखो। साँप काटे तो नीचे आऊँ सीढ़ी मिले तो झट चढ़ जाऊँ**

**उत्तर :** साँप -सीढ़ी।

**Q10. रंग-बिरंगी कौंच की गोली साध निशाना जीती भोली**

**उत्तर :** कंचे।

**Q11. बाँध गले में सूत विन पंख में उड़ जाऊँ**

**उत्तर :** पतंग।

**Q12. बेगम, बादशाह, इक्का, गुलाम बावन पत्तों के खेल का नाम**

**उत्तर :** ताश।

**Q13. राजा, रानी, वजीर, सिपाही सबकी आपस में हुई लड़ाई**

**उत्तर :** शतरंज।

**Q14. लगा लो तुम चौके-छक्के बना लोगे सौ रन पक्के।**

**उत्तर :** क्रिकेट।

**Q15. खेलने के अलावा तुम क्या-क्या करते हो?**

**उत्तर :** पढ़ाई, चित्रकारी, टी वी देखना, गाना गाना, गिटार बजाना, बागवानी।

**Q16. तुम्हारे परिवार के लोग दिए गए चित्रों में से जो कुछ करते हैं उनमें रंग भरो। खाली ठोड़ी हुई जगह में कुछ और मी जो वे करते हैं, उसका चित्र बनाओ और लिखो।**

**उत्तर :** योगा, सुबह की सैर, इंटरनेट सर्फिंग